Helpline **1064** **94135-02834**

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

## ➢ अजमेर में सोनाक्षी यादव, ग्राम विकास अधिकारी 1000/– रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, दिंनाक 24 सितम्बर, बुधवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए. सी.बी., इन्टे., अजमेर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपिता सोनाक्षी यादव को परिवादी के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान की राशि पास करने की एवज में वक्त सत्यापन 1500/– रूपये रिश्वत राशि लेना तय कर पूर्व में 500/– रूपये मांग सत्यापन के समय प्राप्त किये तथा शेष रिश्वत राशि आज **1000/– रुपये** लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि ए.सी.बी. इन्टे. अजमेर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान की राशि पास करने की एवज में आरोपिता सोनाक्षी यादव ग्राम विकास अधिकारी ने परिवादी से 2500/– रूपये रिश्वत की मांग कर 1000/– रूपये प्राप्त किये तथा ग्राम विकास अधिकारी ने कहा कि 1500/– रूपये और देने पड़ेंगे तब ही तुम्हारे पैसे पास होंगे।

जिस पर एसीबी अजमेर रेंज के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री अनिल कयाल** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. इन्टे. अजमेर के **पुलिस निरीक्षक श्रीमती कंचन भाटी** द्वारा आज ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपिता सोनाक्षी यादव, ग्राम विकास अधिकारी को परिवादी के प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवास निर्माण की राशि पास करने के एवज में 1000/– रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

आरोपिता से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।